एनसीईआरटी की नकली किताबों का जखीरा पकड़ा

Publish Date:Fri, 04 May 2018 06:03 PM (IST)

रुड़की। शहर के बीटी गंज बाजार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने छापा मारकर एनसीईआरटी की नकली किताबों का जखीरा पकड़ा है। जेएम ने नकली किताबों की एक दुकान और दो गोदामों को सील किया है।

जागरण संवाददाता, रुड़की। शहर के बीटी गंज बाजार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने छापा मारकर एनसीईआरटी की नकली किताबों का जखीरा पकड़ा है। इस पर जेएम ने एक दुकान और दो गोदाम सील किए हैं। इसमें एक गोदाम तो छह मंजिला है। डीएम के निर्देश पर जेएम ग्राहक बनकर एनसीईआरटी की किताबें खरीदने के लिए दुकान पर पहुंचे थे। दुकानदार पर मुकदमा दर्ज करने की तैयारी चल रही है।

जिलाधिकारी को सूचना मिली थी कि शहर के बीटी गंज में स्थित आर्य बुक डिपो पर एनसीईआरटी की नकली किताबें बेची जा रही हैं। जिस पर डीएम दीपक रावत ने रुड़की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नरेंद्र भंडारी को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए थे। शुक्रवार दोपहर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नरेंद्र भंडारी ग्राहक बनकर दुकान पर किताब खरीदने के लिए पहुंचे। दुकानदार ने जैसे ही उन्हें एनसीईआरटी की नकली किताब दी तो उन्होंने अपने पास मौजूद असली किताब से मिलान किया। जिस पर नकली किताब पकड़ में आ गई। जेएम ने तुरंत ही कार्रवाई करते हुए दुकान और गोदाम पर छापा मारा। इसी बीच जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक ब्रहमपाल ¨सह सैनी भी मौके पर पहुंच गए। जेएम ने जांच पड़ताल की तो दुकान और अंदर बने बड़े गोदाम से सैकड़ों एनसीईआरटी की नकली किताबें बरामद हुई। इसके बाद जेएम ने इस गोदाम के पीछे की तरफ बने छह मंजिला गोदाम पर भी छापा मारा। छह मंजिला गोदाम में भी एनसीईआरटी की नकली किताबे बरामद हुई। जेएम ने दुकान और दोनों गोदाम को सील कर दिया। साथ ही दुकान स्वामी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जेएम नरेंद्र भंडारी ने बताया कि दुकानदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। साथ ही किताबों की जांच कराई जा रही है। जेएम की कार्रवाई से शहर के अन्य दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। कार्रवाई के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी श्रीकांत पुरोहित, उपशिक्षा अधिकारी नारसन ब्रजपाल ¨सह राठौर आदि अधिकारी मौजूद रहे।

इनसेट-

विधायक ने दुकान सील न करने का किया आग्रह

रुड़की: छापा मार कार्रवाई के दौरान नगर विधायक प्रदीप बत्रा भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से आग्रह किया कि प्रशासन एनसीईआरटी की किताबों को जब्त करें और दुकान पर सील न लगाए। हालांकि प्रशासन ने पूरे गोदाम और दुकान को ही सील कर दिया।

Source: https://www.jagran.com/uttarakhand/haridwar-ncert-duplicate-books-caught-17911633.html